दूरभाष– 2286709
2286710
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,उ.प्र.
नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्रांकः 635/76/एक/ABMBVY/2016-17 दिनांक– 26 मई 2017

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
समस्त जनपद।

महोदय,

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन के द्वारा यह अपेक्षा की गई है कि शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य एवं मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण एवं अन्य सामान्य सुविधाओं का सृजन योजानान्तर्गत विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से अवमुक्त की गई प्रथम किश्त की धनराशि के उपभोग के उपरान्त द्वितीय एवं अन्तिम किश्त की माँग करते समय अन्य वांछित प्रपत्रों के साथ जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा स्तर से गठित टास्क फोर्स समिति के द्वारा प्रथम किश्त की धनराशि से कराये गये कार्यों की माप का सत्यापन कराकर कार्यों की गुणवत्ता प्रमाण–पत्र सहित जाँच आख्या शासन के समक्ष प्रस्तुत की जायें।

अतः कृपया उपरोक्तानुसार जनपद स्तर पर तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की जिलाधिकारी स्तर से टास्क फोर्स कमेटी गठित कराकर प्रथम किश्त की धनराशि से कराये गये कार्यों की माप सत्यापन कराते हुये कार्यों की गुणवत्ता प्रमाण–पत्र, अन्य वांछित प्रपत्र एवं कार्यो के फोटोग्राफ के साथ ही द्वितीय किश्त हेतु माँग पत्र प्रेषित करने का कष्ट करें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जायें कि शासनादेश के अन्तर्गत स्वीकृत समस्त परियोजनाओं हेतु द्वितीय किश्त की माँग एक साथ की जायें तथा परियोजनाओं के कार्य का स्टेटस भी माँग पत्र में वर्णित किया जायें।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

पत्रांक दिनांक तदैव/–

प्रतिलिपिः– परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, समस्त जनपद को अनुपालनार्थ।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक